पशुपालकों की आर्थिक उन्नति में पशु चिकित्सक की अहम् भूमिका –डॉ. जुयाल

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में आज नेशनल स्मॉल होल्डर पोल्ट्री डेवलमेन्ट ट्रस्ट भोपाल द्वारा महाविद्यालय के पशु चिकित्सकों हेतु कैम्पस सलेक्शन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने कहा कि नौकरी करके प्रत्येक मनुष्य रूपये अर्जित करता है। परन्तु यदि कमजोर पशुपालन की आर्थिक उन्नति करके अपनी आजीविका चलाता है तो यह एक महान कार्य है। पशु चिकित्सकों का समाज में एक विशिष्ट स्थान है। उन्होंने कहा कि हर मनुष्य को समाज हित में अवष्य ही कार्य करना चाहिये, तभी वह अच्छा इंसान बनता है एवं उसका जीवन सफल होता है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की अधिशठाता डॉ. आर.पी.एस. बघेल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुये ट्रस्ट द्वारा चलाये जा रहे कार्यो की प्रषंसा की। ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. हरे कृष्ण डेका ने बताया कि यह ट्रस्ट 12000 जनजातीय परिवारों की आजीविका पोल्ट्री उत्पादन के माध्यम से सुचारू रूप से चलाने में मदद कर रहा है। उन्होंने बताया कि केसला (होषंगाबाद) में 2.5 लाख पोल्ट्री की एक सहकारी समिति के माध्यम से महिलायें अपनी आजीविका चला रही है।

कार्यक्रम में डॉ. मृदुल हजारिका, डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, डॉ. सुनील नायक की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेन्द्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में इंटरशिप के छात्रों ने भाग लिया।